>

Title: The Speaker made reference to the 76th anniversary of the dropping of atom bombs on the Japanese cities of Hiroshima and Nagasaki on 6th and 9th August, 1945, respectively.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज जापान के नगर हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराये जाने की घटना के 76 वर्ष पूर्ण हो गए हैं । 6 अगस्त और 9 अगस्त 1945 को क्रमशः हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराये गए थे, जिसके कारण दोनों शहरों में हजारों लोग मारे गये थे तथा लाखों लोग घायल और जीवन भर के लिए अपंग हो गए थे । इस घटना ने पहली बार विश्व को परमाणु बम की विनाशकारी ताकत से परिचय कराया था । आज भी हिरोशिमा और नागासाकी के निवासी उन हमलों में हुए परमाणु विकिरण के दुष्प्रभावों को झेल रहे हैं ।

आइए आज के दिन हम नरसंहार के हथियारों को नष्ट करने तथा विश्व में शांति और भाईचारे के प्रचार – प्रसार हेतु एक साथ मिलकर काम करने के अपने संकल्प को सुदृढ़ करें ।

____

-

11.02 hrs